**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–11.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में नगर विकास विभाग के 19 नवचयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, योजनाबद्ध शहरी विकास और रोजगार सृजन पर दिया जोर।**

- **विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेने बेंगलुरु रवाना, सम्मेलन में संवाद और चर्चा पर देंगे व्याख्यान।**

- **भाजपा ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर और नगड़ी जमीन विवाद को लेकर किया राज्यव्यापी प्रदर्शन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–हेमंत सरकार में आदिवासी असुरक्षित।**

- **स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विपक्ष की आलोचना को किया खारिज, कहा–हेमंत सरकार प्रभावी काम कर रही है।**

- **दुमका में 15वीं इंडोर खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक बसंत सोरेन ने किया उद्घाटन, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग सहित कई खेलों में खिलाड़ियों ने लिया भाग।**

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में नगर विकास एवं आवास विभाग के 19 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा। इस मौके पर उन्होंने झारखंड पर्यटन एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ किया तथा कहा कि पर्यटन से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों से राज्य की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का आह्‌वान किया। उन्होंने कहा कि शहरों का योजनाबद्ध विकास और पर्यटन को बढ़ावा सरकार की प्राथमिकता है।

*******************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीद्रनाथ महतो 11 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीज़न कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए आज राँची से बेंगलुरु के लिए रवाना हुए। यह तीन दिवसीय सम्मेलन आज से 13 सितंबर 2025 तक बेंगलुरु में आयोजित होगा, जिसमें लोक सभा और अन्य राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में श्री महतो "विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम" विषय पर व्याख्यान देंगे और बाद में कर्नाटक के सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे।

*******************

सूर्या हांसदा एनकाउंटर और नगड़ी में एम्स–2 के लिए आदिवासियों की जमीन को गलत तरीके से कब्ज़ा करने के मामले को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्‌वान पर आज राज्य भर के जिला मुख्यालयों और प्रखंड कार्यालयों पर एकदिवसीय धरना– प्रदर्शन किया गया। इसी के तहत गिरिडीह में भी सभी प्रखंडों में आक्रोश

प्रदर्शन किया गया। बेंगाबाद में प्रदर्शन में शामिल हुई केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में आदिवासी असुरक्षित हैं और उनकी जमीन छीनी जा रही है।

******************

रांची में भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला जिस में सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच और रिम्स टू की जमीन रैयतों को लौटाने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दोनों मुद्दे सदन में उठाए गए थे, लेकिन सरकार की चुप्पी के कारण भाजपा को सड़क पर उतरना पड़ा है। इधर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रिम्स टू बंजर भूमि पर बने, न कि आदिवासियों की उपजाऊ जमीन पर।

******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि रांची रिम्स की व्यवस्था सुधारना उनकी प्राथमिकता है और 13 सितंबर को शासी निकाय की बैठक में जनहित के मुद्दों पर विमर्श होगा। आज दुमका में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने विपक्ष की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि हेमंत सरकार सभी क्षेत्रों में प्रभावी काम कर रही है और आने वाले पांच सालों में राज्य में अद्भुत विकास होगा।

******************

लोहरदगा के सेन्हा प्रखंड में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह और सदस्य हरिश्वर दयाल ने विभिन्न सरकारी विकास योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में महिला मंडलों की भूमिका, ग्राम सभाओं की पारदर्शिता और पशुधन, आवास व मनरेगा जैसी योजनाओं से गरीब परिवारों को हुए लाभ पर चर्चा हुई।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद के आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दी गई। आज हम ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए किए गए सुधारों की बात कर रहे हैं।

******************

सरायकेला–खरसावां पुलिस ने जिले में अफीम की अवैध खेती रोकने के लिए प्री–कल्टीवेशन ड्राइव शुरू कर गांव–गांव जाकर ग्रामीणों और विद्यार्थियों को इसके दुष्परिणाम और वैकल्पिक कृषि विकल्पों के बारे में जागरूक किया। अभियान में थाना प्रभारी, कृषि और वन विभाग के प्रतिनिधि, बीडीओ और जनप्रतिनिधियों के

साथ पंचायतवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अफीम की अवैध खेती करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

***********************

गोड्डा के अलावा संताल परगना के लोग अब मोटे अनाज के आटे से बने बिस्किट का आनंद ले पाएंगे। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***********************

दुमका में जिला खेलकूद संघ द्वारा 15वां इंडोर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक बसंत सोरेन ने किया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, कैरम, शतरंज, वॉलीबॉल, कराटे और टेबल टेनिस सहित सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए गंभीर है।

*********समाप्त*********